एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, खकनार
(सातपायरी), जिला- बुरहानपुर, (म.प्र.)- 450221
(राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति,
जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत, भारत सरकार)
यू-डाइस कोड - 23480506212
स्कूल कोड - 52114

EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOL,KHAKNAR
(SATPAYARI), DIST.- BURHANPUR (M.P) – 450221
(National Education Society for Tribal Students,
Under Ministry of Tribal Affairs, Govt. of India)
CBSE AFFILIATION NO. 1020104
Email id:- ksp6212@gmail.com
emrskhaknar52114@gmail.com
Website- emrskhaknar.org.in

F.No. /EMRSKHAKNAR/2025–26/ Date: 22/01/2026

## कक्षा 7वीं, 8वीं तथा 9वीं में पार्श्व प्रवेश (LATERAL ENTRY) के तहत प्रवेश सूचना

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS) के दिशा-निर्देशों (गाइडलाईन) के अनुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय खकनार (सातपायरी) में कक्षा 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिये एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पार्श्व प्रवेश परीक्षा (EMRSLT) 2026-27 हेतु ऑफलाइन पंजीकरण फार्म एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय खकनार (सातपायरी) में 28/01/2026 से 28/02/2026 तक विद्यालय के सभी कार्यदिवसों में सुबह 10 बजे से 01 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।

### प्रवेश के लिये समय सारणी

| क्र. | विषयवस्तु | निर्धारित तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1 | ऑफलाइन पंजीकरण | 28 जनवरी 2026 से 28 फ़रवरी 2026 |
| 2 | परीक्षा दिनांक | 15 मार्च 2026 (11 बजे से 02 बजे तक एकलव्य स्कूल सातपायरी में) |
| 3 | परीक्षा परिणाम | 23 मार्च 2026 |
| 4 | चयनित अभ्यर्थियों का प्रवेश | मार्च का अंतिम सप्ताह |

नोट : (I) कक्षा 7वीं 8वीं तथा 9वीं में प्रवेश संबंधित कक्षा में 15 जून 2026 तक सीटे रिक्त होने की स्थिति में ही किया जायेगा।

(ii) कक्षा 11 वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश कक्षा 10वीं सी.बी.एस.ई परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त मेरिट के आधार पर दिया जायेगा।

### कक्षावार आयु सीमा

| कक्षा | न्यूनतम आयु(31 मार्च 2025 तक) | अधिकतम आयु(31 मार्च 2025 तक) |
|---|---|---|
| 7वीं | 11 | 14 |
| 8वीं | 12 | 15 |
| 9वीं | 13 | 16 |

नोट- 1. अधिकतम आयु सीमा में दिव्यांग छात्रों को दो वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी।

2. अधिकतम आयु के संदर्भ में 01 अप्रैल को भी मान्य किया जायेगा।

3. केवल वही उम्मीदवार प्रवेश के पात्र होंगे जिन्होंने पूर्व कक्षा सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण की हों।

4. उम्मीदवार के पास अपनी जाति का जाति प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है, जो प्रवेश के समय दस्तावेज जाँच के समय देना होगा ।

5. उम्मीदवार जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया या सहरिया) ,विमुक्त जनजातियों, घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ समुदाय (DNT/NT/SNT) के अलावा वे बच्चे जिन्होंने अपने

माता- पिता को वामपंथी उग्रवाद /उग्रवाद/कोविड आदि के कारण खो दिया है तथा विधवा की संतान तथा दिव्यांग माता-पिता की संतान या अनाथ से होना चाहिये।

**परीक्षा प्रश्नों का संघटन (विद्यार्थी जिस कक्षा में प्रवेश लेना चाहता है उससे पूर्व कक्षा की NCERT किताबों से)**

| परीक्षा हेतु विषय | प्रश्नों की संख्या | निर्धारित अंक |
|---|---|---|
| अंग्रेजी | 10 | 20 |
| हिन्दी | 10 | 20 |
| गणित | 30 | 60 |
| विज्ञान | 30 | 60 |
| सामाजिक विज्ञान | 20 | 40 |
| **कुल योग** | **100** | **200** |

1. परीक्षा में प्रश्नों का प्रारूप वस्तुनिष्ठ तथा विषयनिष्ठ (objective and subjective type) प्रकार का होगा |
2. ऋणात्मक अंकन नहीं किया जायेगा।
3. परीक्षा की समयावधि 03 घंटे की रहेगी। (11 बजे से 02 बजे तक)
4. दिव्यांग छात्रों को 30 मिनिट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

**<u>परीक्षा की दिनांक, समय एवं स्थान</u>**

1. पंजीकृत विद्यार्थियों की परीक्षा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय खकनार (सातपायरी) में दिनांक 15 मार्च 2026 दिन रविवार को समय सुबह 11 बजे से 02 बजे तक आयोजित की जायेगी।
2. उम्मीदवार को परीक्षा अवधि से 30 मिनिट पहले परीक्षा केन्द्र (विद्यालय) रिपोर्ट करना अनिवार्य है।

**<u>परीक्षा का परिणाम</u>**

- परीक्षा का परिणाम विद्यालय के सूचना पटल एवं बेवसाइट www.emrskhaknar.org.in पर प्रकाशित कर चयनित अभ्यर्थियों को सूचित कर दिया जायेगा।

**नोट:**

1. रिक्त सीटों की संख्या भविष्य में घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
2. यदि कोई उम्मीदवार भविष्य में प्रवेश के लिये अपात्र पाया जाता है तो विद्यालय के पास उसका प्रवेश निरस्त करने तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।
3. प्रवेश संबंधी किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में विद्यालय का निर्णय ही अंतिम होगा और उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा।
4. उम्मीदवारों को परीक्षा के समय प्रवेश पत्र तथा कोई पहचान पत्र (आधार कार्ड आदि) लेकर आना अनिवार्य होंगा। बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा भवन में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
5. उमीदवारों को पंजीकरण के समय अपना आधार कार्ड तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आना है।

प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
खकनार जिला बुरहानपुर